पाठ 17. पिता का पत्र (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में स्व-जागरूकता का कौशल विकसित करना है ताकि वे अपनी पसंद व नापसंद की पहचान कर सकें। यह पाठ मौखिक पठन के लिए है। इसमें मनुष्य को अपने परिवार के प्रति ज़िम्मेदारी का अहसास कराया गया है।

अध्यापन संकेत

कहानी का मौखिक-मुखर वाचन करवाने के बाद महात्मा गांधी के व्यक्तित्व, उनकी सोच, आदि के बारे में परिचर्चा आयोजित की जा सकती है। पारिवारिक दायित्व का निर्वाह किस प्रकार किया जा सकता है, इसके बारे में बच्चों से प्रश्नोत्तर किए जा सकते हैं।